भारतीय मानक ब्यूरो

(हिंदी विभाग)

अनुस्मारक-1

संदर्भ : हिंदी/प्रशिक्षण/2021/ **24.06.2021**

विषय : हिंदी भाषा प्रशिक्षण के अंतर्गत “पारंगत” पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु।

उपरोक्त विषय पर हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग के पत्र दिनांक 1.06.2021 द्वारा सूचित किया गया है कि हिंदी के “पारंगत” पाठ्यक्रम का नया सत्र दिनांक 1.07.2021 से आरंभ होने जा रहा है। इस संबंध में 18.06.2021 को इंट्रानेट पर भी परिपत्र परिचालित किया गया था। इस पाठ्यक्रम में हिंदी के कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को नामांकित किया जा सकता है। उपरोक्त पाठ्यक्रम की कक्षाएं ऑनलाइन संचालित होंगी। इस पाठ्यक्रम की अवधि 5 माह है जिसकी कक्षाएं 1 दिन छोड़कर प्रतिदिन एक घंटा संचालित होगी। प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने पर नियमानुसार प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान है।

अनुरोध है कि अपने विभाग में कार्यरत हिंदी के कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों/अधिकारियों को “पारंगत” पाठ्यक्रम में नामित करें। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु विवरण एवं प्रोफार्मा संलग्न है। पात्र अधिकारी/कर्मचारी **दिनांक 30.06.2021** तक अपना नाम हिंदी विभाग को भेज दें।

हस्ताक्षरित/-

(विनोद कालरा)

प्रमुख (हिंदी)

मुख्यालय के सभी विभागों को परिचालित।